| Publication | Edition | Date |
|---|---|---|
| Alaviram | Ahemdabad | 19/07/2016 |

# कामधेनु गुजरात में बढ़ाएगी स्ट्रक्चरल स्टील की बाजार हिस्सेदारी

अहमदाबादः टीएमटी सरिया और स्ट्रक्चरल स्टील क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने गुजरात में अपनी बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करने का फैसला किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कामधेनु ने गुजरात में उच्च गुणवत्ता वाले स्ट्रक्चरल स्टील उत्पाद पेश किए हैं।

कामधेनु लिमिटेड गुजरात की मुख्य स्टील निर्माता कंपनियों में से एक है। कंपनी राज्य में अपनी फ्रेंचाइजी पार्टनर कंपनियों के जरिये कारोबार कर रही है। कंपनी की मौजूदा सालाना उत्पादन क्षमता 12 लाख मैट्रिक टन से ज्यादा है।

गुजरात में स्ट्रक्चरल स्टील क्षेत्र में हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, गुजरात कामधेनु के लिए सबसे अहम बाजारों में से एक हैं। कंपनी अब यहाँ के ग्राहकों के लिए स्ट्रक्चरल स्टील ग्रेड के स्टील उत्पाद लाई है। कंपनी बड़े पैमाने पर राज्य में स्ट्रक्चरल स्टील उत्पादों की सप्लाई कर रही है। कामधेनु लिमिटेड बीआईएस लाइसेंसधारी होने के नाते गुणवत्ता के सभी मानकों पर खरी उतरती है।

स्ट्रक्चरल स्टील बड़े स्टील उत्पाद होते हैं, जिनका इस्तेमाल बड़े निर्माण के साथ मशीनों के पुर्जे बनाने में किया जाता है। स्ट्रक्चरल स्टील में बीम, एंगल, चैनल जैसे उत्पाद शामिल होते हैं, जिनका इस्तेमाल सुरंग, ट्रांसमिशन टावर, फैक्ट्री स्ट्रक्चर, पुल, रेलवे, बिजली संयंत्र, पेट्रो-रसायन प्रोजेक्ट, औद्योगिक शेड, रिफाइनरी और अन्य बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट्स में होता है।

कामधेनु लिमिटेड आने वाले समय में पूरे राज्य में स्ट्रक्चरल स्टील उत्पादों की सप्लाई करेगी। कामधेनु के संयंत्रों में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल होता है, जिससे उत्पादन बढ़ने के साथ उच्च गुणवत्ता के सभी मानक पूरे किए जा सकें। कंपनी को उम्मीद है कि बेहतरीन गुणवत्ता और वाजिब कीमत के सूत्र पर आगे बढ़ते हुए वह गुजरात में अपनी बाजार हिस्सेदारी और बढ़ाने में कामयाब रहेगी। (19-10)